NSW GOVERNMENT

What do I need to know if I want to appeal a suspension or expulsion?

Parent/carer information

# यदि मैं निलंबन या निष्कासन के खिलाफ अपील करना चाहता/ती हूं तो मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

## माता-पिता/देखभालकर्ता के लिए जानकारी

### अपील क्या होती है?

अपील तब होती है जब आप किसी निर्णय पर फिर से विचार करने के लिए निवेदन करते/ती हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आप लिए गए निर्णय से खुश नहीं हैं।

### मैं निलंबन या निष्कासन की अपील कैसे करूं?

आप निलंबन या निष्कासन के विरुद्ध अपील कर सकते/ती हैं यदि आपको लगता है कि प्रिंसिपल ने एक अनुचित निर्णय लिया है या नीति और प्रक्रियाओं का सही से पालन नहीं किया है। विद्यार्थी, माता-पिता और देखभालकर्ता एक अपील फॉर्म भर सकते हैं।

अपील स्थानीय शिक्षा कार्यालय में दर्ज करायी जा सकती है। स्थानीय शिक्षा कार्यालय प्रक्रिया को समझने में आपकी सहायता कर सकता है। वे अपील लिखने में भी आपकी मदद कर सकते हैं। आपके संतान का स्कूल आपके स्थानीय शिक्षा कार्यालय के लिए संपर्क जानकारी प्रदान कर सकता है।

अपील के बारे में निर्णय एक निदेशक, शैक्षिक नेतृत्व या कार्यकारी निदेशक, स्कूल परफोरमेंस (प्रदर्शन) द्वारा लिया जाएगा और इस कार्यविधि को करने में 15 से 20 स्कूली दिन लगेंगे। जब अपील दायर की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा तो आपसे संपर्क किया जाएगा। यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो आप स्थानीय शिक्षा कार्यालय से संपर्क कर सकते/ती हैं जहाँ पर अपील दर्ज की गई थी।

#### निलंबन की अपील का नतीजा

यदि निलंबन के बारे में अपील को सही ठहराया जाता है, और निर्णायक आपकी आपके अनुरोध से सहमत होता/ती है, तो आपकी संतान की जल्द से जल्द स्कूल वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानाचार्य आपसे संपर्क करेंगे। अपील के निर्णय को आपकी संतान के रिकॉर्ड पर नोट कर लिया जाएगा और निलंबन को आपकी संतान के रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा।

यदि निलंबन के बारे में अपील समर्थित नहीं है, और निर्णयकर्ता आपके अनुरोध से सहमत नहीं है, तो आपकी संतान सहमत तिथि तक निलंबन पर रहेगा/गी।

#### निष्कासन अपील का परिणाम

यदि निष्कासन के बारे में अपील का समर्थन किया जाता है, और निर्णयकर्ता आपके अनुरोध से सहमत होता/ती है, तो प्रिंसिपल को किसी भी गंभीर सुरक्षा चिंताओं को हल करने के लिए आपके साथ काम करने और समर्थन उपायों को लागू करने की आवश्यकता होगी ताकि आपकी संतान बच्चा/बच्ची स्कूल वापस आ सके। अपील के निर्णय को आपकी संतान के रिकॉर्ड पर नोट किया जाएगा और निष्कासन को आपकी संतान के रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा।

यदि निष्कासन के बारे में अपील समर्थित नहीं है, और निर्णयकर्ता आपके अनुरोध से सहमत नहीं है, तो आपकी संतान के लिए कई अन्य विकल्प उपलब्ध हो सकते हैं। प्रिंसिपल आपके बच्चे की ज़रूरतों के लिए और अधिक उपयुक्त वैकल्पिक सेटिंग की व्यवस्था करने के लिए आपके साथ काम करेगा/गी।

यदि निष्कासन के बारे में अपील समर्थित नहीं है और आपकी संतान 17 वर्ष से अधिक आयु का/की है, तो आपको और आपकी संतान को सीखना जारी रखने या काम पर जाने के लिए विकल्पों की तलाश करनी चाहिए।

### मुझे विद्यालय से क्या जानकारी मिल सकती है?

आप स्कूल से इसके बारे में और अधिक जानकारी के लिए पूछ सकते/ती हैं कि क्या हुआ और वह क्यों हुआ । स्कूल को आपको किसी भी निर्णय के पीछे का तर्क, क्या कार्रवाई होगी और यदि आपको कोई समस्या है तो क्या करना चाहिए, यह समझाना चाहिए।

### मैं शिकायत कैसे कर सकता/ती हूँ?

माता-पिता के लिए उनकी संतान की वकालत करने की जानकारी उपलब्ध है। यदि आप अभी भी निलंबन या निष्कासन अपील प्रक्रिया के बारे में चिंतित हैं तो शिकायत करने की जानकारी भी उपलब्ध है।

स्कूल कम्युनिटी चार्टर में स्कूलों के साथ बातचीत करने की जानकारी दी गई है।

### टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आप स्कूल से संपर्क करना चाहते/ती हैं और अंग्रेजी में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फ़ोन करें, उन्हें बतायें कि आपको कौन सी भाषा चाहिए और ऑपरेटर से स्कूल को फोन करने के लिए कहें। आपकी बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए ऑपरेटर फ़ोन पर एक दुभाषिया उपलब्ध करवाएगा/गी। आपसे इस सेवा के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा।